-:प्रेस नोट:-

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 04.11.2026**

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 38 साल से फरार चल रहे ₹ 15,000/- के पुरस्कार घोषित 01 इनामिया वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद कानपुर देहात श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री आलोक प्रसाद के निकट पर्यवेक्षण में जनपद कानपुर देहात में अपराधों की रोकथाम, खुलासे व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 04.11.2026 को थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा अभियान चलाकर 01 इनामिया वारण्टी अभियुक्त बालिस्टर उर्फ रमेशचन्द्र पुत्र स्व0 श्री मौजीलाल यादव निवासी ग्राम मुरादपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात (सम्बन्धित मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद क्रिमिनल अपील संख्या 327/1988 सेशन विचारण संख्या 127/1986 धारा 394 भादवि0 थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात में वांछित) को काशीराम कालोनी के गेट से मेन रोड की तरफ कस्बा व थाना दिबियापुर जनपद औरैया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त बालिस्टर उर्फ रमेशचन्द्र उपरोक्त के ऊपर श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय कानपुर देहात द्वारा ₹ 15,000/- का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम पता-

1. बालिस्टर उर्फ रमेशचन्द्र पुत्र स्व0 श्री मौजीलाल यादव उम्र करीब 65 वर्ष निवासी ग्राम मुरादपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री प्रवीन कुमार यादव
2. का0 1198 मो0 आलम
3. हे0का0 472 सुनील कुमार
4. हे0का0 631 गौरव पाठक